हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 जनवरी 2024

04 मंत्री प्रहलाद पटेल ने खाटू श्याम मंदिर में झाड़ू पोंछा...

07 मोरावन से दूध लेकर आ रही पिकअप पलटी, एक...

खबर संक्षेप

भारतीय वायु सेना भर्ती रैली के लिए आवेदन 17 जनवरी से

सागर। भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) भर्ती रैली में सम्मिलित होने के लिये इच्छुक आवेदक वेबसाइट पर अपना आनलाईन पंजीयन 17 जनवरी प्रातः 11 बजे से 6 फरवरी तक करा सकते है। ऐसे युवा आवेदक जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 (दोनो तिथिया सामिल करते हुये) के मध्य हुआ है वे आवेदक भर्ती रैली पंजीयन करा सकते है। आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता तथा शरीरिक योग्यता से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी दी गई वेबसाइट पर उपलब्ध है।

संस्मरण कृति सदा अटल पर पुस्तक चर्चा 24 को

सागर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर देश के विभिन्न राजनैतिक दलों की प्रख्यात हस्तियों, फिल्म अभिनेताओं और साहित्यकारों आदि द्वारा लिखे गए संस्मरणों को उनके अग्रज स्व. सदा बिहारी वाजपेयी की पुत्री अटल फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष माला वाजपेयी तिवारी व परिवार द्वारा पुस्तक सदा-अटल शीर्षक से संकलित व प्रकाशित किया गया है। अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर महत्वपूर्ण जानकारी देने वाली इस कृति पर श्यामलम व अटल फाउंडेशन सागर के तत्वावधान में बालिका दिवस दिनांक 24 जनवरी बुधवार को दोपहर 2.00 बजे से होटल दीपक सिविल लाइंस सागर के सभागार में पुस्तक चर्चा की जावेगी। विद्वान वक्ता प्रोफेसर सुरेश आचार्य की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, सारस्वत अतिथि प्रो.आनंद प्रकाश त्रिपाठी अध्यक्ष हिंदी विभाग डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवयित्री डॉ.चंचला दवे, कथाकार व स्तंभकार डॉ सुश्री शरद सिंह तथा प्रमुख वक्ता इंक मीडिया के निदेशक प्रखर वक्ता डॉ.आशीष द्विवेदी होंगे। से.नि. डीसीएफ अभिनंदन दीक्षित संचालन करेंगे। आयोजक संस्थाओं के उमा कान्त मिश्र और कपिल बैसाखिया ने सभी प्रबुद्धजनों से इस अवसर पर उपस्थिति का अनुरोध किया है।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को

सागर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के मान से निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत एक जनवरी से 22 जनवरी 2024 के मध्य दावे आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जायेगा। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये है कि वे अपने अधिनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों का नाम अनिवार्य रूप से जिले की मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

महिला सशक्तिकरण सप्ताह के अंतिम दिवस उत्साह पूर्वक मनाया

सागर। महिला सशक्तिकरण सप्ताह के अंतिम दिवस आज महिला बाल विकास परियोजना सागर ग्रामीण 2 के सभी ग्रामो में सभी गतिविधिया जैसे बाल भोज का आयोजन गर्भवती महिलाओं का गोद भराई का कार्यक्रम, बालिका जन्मोत्सव, उत्कृष्ट बालिकाओं का सम्मान, सुहाग सामग्री, तिल गुड़ लड्डू का वितरण आदि का आयोजन किया गया। परियोजना अंतर्गत ग्राम वन्नाद में परियेजना अधिकारी स्वाति जैन ने स्वयं उपस्थित होकर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम एवं सुहाग सामग्री का वितरण किया, साथ में सेक्टर पर्यवेक्षक भारती लारिया आं.बा. कार्यकर्ता/सहायिका एवं ग्राम की महिलाये बच्चें उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया गया।

पुरोहित, पुजारी और विद्वत संघ की बैठक में तैयारियों को लेकर की गई विस्तृत चर्चा

राम लला की प्राणप्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियां, 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में शंख ध्वनि से गुंजायमान होगा सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अयोध्या में रामजी की प्राणप्रतिष्ठा का उत्सव देशभर में एक साथ मनाया जायेगा। इसको लेकर सरकार, प्रशासन और सामाजिक, धार्मिक संगठन अपने अपने अनुसार तैयारियां करने में जुटे हुए हैं। सोमवार को सिविल लाइन स्थित होटल आशीर्वाद में पुरोहित पुजारी विद्वत संघ की बैठक आयोजित हुई जिसमें भव्य रूप से उत्सव मनाए जाने को लेकर तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संघ के संभागीय अध्यक्ष पं.राजेंद्र प्रसाद पांडेय सानौधा ने कहा कि भगवान राम का प्राकट्य जिस मुहूर्त में हुआ था उसी अभिजीत मुहूर्त में अयोध्या में रामजी की प्राणप्रतिष्ठा होगी । 22जनवरी को दोपहर 12 बजकर 10 मिनिट से 12 बजकर 24 मिनिट तक ये दिव्य मुहूर्त रहेगा। इसी समय में भगवान की प्रतिष्ठा होगी और सागर में पुजारी पुरोहित इस समय पर मंदिरों और घरों से शंखनाद करेंगे।धर्माधिकारी पं.बृजेश जी महाराज और पं.विपिन बिहारी महाराज ने कहा भगवान 14 वर्ष बनवास काटकर जब अयोध्या आए थे तब दिवाली मनाई गई थी ये तो 500वर्ष बाद आया दिवाली से भी बड़ा त्योहार है। कथा पंडालों में भी उत्सव मनाए जायेंगे। शंख ध्वनि होगी हम लोग सभी सनातन धर्म अनुयाइयों से अनुरोध करते है अपने अपने घरों से भी शंख नाद करें।

दीपावली की तरह सजाएं दीपमाला और चलाएं पटाखा

युवा सर्व ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के अध्यक्ष पं. भरत तिवारी ने बताया कि प्रशासन दुकानदारों के लिए आतिशवाजी के लाइसेंस प्रतिष्ठा महोत्सव पर दे रहा है । जिला कलेक्टर ने पुरोहित पुजारियों की प्रशासन के साथ हुई बैठक ये जानकारी स्पष्ट कर दी थी दुकानदार दिवाली की तरह दुकानें सजाएं और सभी सनातन धर्मी दिवाली जैसी खरीदारी करें भव्य उत्सव मनाएं।

दरवाजों पर सजाएं रंगोली और दीपमाला

संघ के अध्यक्ष पं.शिवप्रसाद तिवारी ने कहा मंदिरों में पुजारी पुरोहित सुबह से पूजन हवन करेंगे शाम को दीपमालिका सजाई जायेगी सनातनी लोग 22जनवरी को अपने घरों के दरवाजों पर रंगोली सजाएं। शाम को पांच या ग्यारह दीपक घर और द्वार पर सजाएं मंदिरों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भी सहभागिता निभाएं। संघ के महामंत्री पं.रामचरण शास्त्री ने बताया शहर ही नही गांव गांव आयोजन संपन्न होंगे हमारे तहसील पदाधिकारियों को भव्य उत्सव मनाने की जिम्मेदारियां तय कर दी गई है। संचालन प्रवक्ता पं.पप्पू तिवारी ने किया। आभार पं.रमाकांत त्रिवेदी ने व्यक्त किया। बैठक में पं.रामगोविन्द शास्त्री, पं.पुरषोत्तम गौतम, पं.बालमुकुंद शास्त्री, पं.पंकजप्रसाद तिवारी, पं.रघु शास्त्री, पं.शिवनारायण शास्त्री, डॉरामचंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय युवा दिवस व मकर संक्रांति के अवसर पर पौधरोपण कर निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राष्ट्रीय युवा दिवस एवं मकर संक्रांति के अवसर पर शासन द्वारा 15 जनवरी तक युवाओं और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में अनेकों गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आजीविका मिशन शहरी नगर निगम द्वारा गठित समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई और महिलाओं ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु वृक्षारोपण किया तथा नगर को साफ सुथरा बनाने और अमानक पॉलिथीन का उपयोग न करने के प्रति नागरिकों को जागरूक करने हेतु रैली निकाली गई।

इस कार्यक्रम के अंतिम दिन नगर निगम ट्रैफिक पार्क में सामूहिक रूप से महिलाओं को स्वरोजगार देने हेतु केंद्र और राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी देकर उन्हें बताया गया कि महिलाएं अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु इन योजनाओं के माध्यम से आर्थिक मदद प्राप्त कर सकती हैं। तत्पश्चात महिलाओं को पर्यावरण की सुरक्षा और उसका महत्व बताते हुए सामूहिक रूप से ट्रैफिक पार्क में वृक्षारोपण भी किया गया तथा नगर को स्वच्छ बनाने हेतु महिलाओं ने एक रैली भी निकाली जो काकागंज वार्ड में घूमते हुए वापस ट्रैफिक पार्क में समाप्त हुई, इस रैली के माध्यम से महिलाओं ने नारों के द्वारा नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए उनसे अपने घरों का कचरा डटबिन में एकत्रित कर कचरा गाड़ी को ही देने, अपने घर के आस-पास साफ -सफाई रखने और अमानक पॉलिथीन का उपयोग न करने की अपील की। इस अवसर पर एन यू एल एम के सिटी मैनेजर विक्रम जैन, भागवत प्रसाद पनिका सहित कल्पना श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

विधायक शैलेंद्र जैन ने सप्तनीक बालाजी मंदिर पहुंचकर मंदिर परिसर में की सफाई

सागर। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक नगर के मंदिरों और उनके आसपास सफाई अभियान चलाया जा रहा था इसी तारतम्य में संक्रांति के अवसर सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने अपनी धर्म पत्नी अनुश्री जैन के साथ बालाजी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की ओर वहां के परिसर की सफाई की। उन्होंने परिसर पधारे हुए श्रद्धालु गणों को खिचड़ी एवं लड्डू का प्रसाद वितरण भी किया। इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा कि हमें सभी को स्वच्छता को अपने जीवन का अंग बनाना होगा, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण के अवसर पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक नगर के मंदिरों एवं देवालयों की सफाई एवं जीर्णोधार के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है इसी दिशा में आज हम सभी बालाजी मंदिर परिसर में सफाई अभियान के तहत कार्य कर रहे हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि यह कार्यक्रम हमारी दिनचर्या का हिस्सा बने। इस अवसर पर प्रतिभा चोबे, मेघा दुबे, पुरषोत्तम चौरसिया, सुबोध पाराशर, अनिल नैन, प्रासुख जैन, रविन्द्र वर्मा, रिंकू नामदेव उपस्थित थे।

दयोदय गौशाला में गायों को ठंड से बचाने के लिए खिलाए औषधि युक्त लड्डू

रहली। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दयोदय गौशाला रहली में गायों के लिए ठण्ड से बचाने के लिए औषधि युक्त लड्डू खिलाने का कार्यक्रम रखा गया। जिसमे गौ प्रेमी लोगों ने गौशाला पहुंच कर गायों के लिए अपने हाथों से लड्डू खिलाए। औषधि युक्त लड्डू मे शतावर, काली मिर्च, हल्दी, काली हल्दी, अजवाइन, मेथी, लेड़ीपीपर, सोठ, कमरकस, बच, सरसों का तेल इत्यादि अन्य औषधि का मिश्रण है। यह गाय को ठण्ड से बचाने और अंदर से गरम रखने के लिए लाभ प्रदान करते है। लड्डू खिलाने के लिए गौशाला मे गौशाला समिति रहली के अध्यक्ष भागचंद सिंघई, अजय चौधरी, पियूष सिंघई, रोहित जैन, सचिन जैन, अमन सेठ, ज्ञानवी जैन, संदीप जैन, कपिल जैन उपस्थित रहे।

सागर विश्वविद्यालय में गाजे-बाजों के साथ निकाली गई नवनियुक्त छात्र परिषद की रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्व विद्यालय में शिक्षण सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय द्वारा अयोजित छात्र परिषद् चुनाव में बड़ी संख्या में छात्रों बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों ने कक्षा प्रतिनिधि के रूप में विजय श्री प्राप्त की । इसके साथ ही साथ कक्षा प्रतिनिधियों में से ही संकाय प्रतिनिधियों के चुनाव भी विश्व विद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित कराए गए । चुनाव के प्रति छात्रों में जोश व उमंग की लहर देखी गई । चुनाव में कुछ छात्रों को हार का मुंह देखना पड़ा और जीत का सेहरा अच्छे अंक प्राप्त करने वालों के सिर पर ही सजा और चुनाव के शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो जाने के पश्चात समस्त निर्वाचित कक्षा प्रतिनिधियों एवं संकाय प्रतिनिधियों ने ढोल नगाड़ों के साथ भव्य विजय जूलूस निकाला गया इसमें विजय जुलूस विश्वविद्यालय के टपरा से शुरू होकर विज्ञान व संकाय होकर गौर मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए जवाहरलाल नेहरू ग्रंथालय से होकर वाणिज्य, कला, शिक्षा शास्त्र विभाग से होकर वापस टपरा पर स्वल्पाहार के साथ शांतिपूर्वक टपरा पर संपन्न हुआ। जिसमें विधि विभाग से कक्षा प्रतिनिधि के रूप में मृत्युंजय पांडे, अखिल तिवारी एवं शिक्षा शास्त्र विभाग से अमरनाथ मिश्रा एवं सत्यम सिंह, हिंदी विभाग से अर्पित गौर, हर्षित शुक्ला एवं बड़ी संख्या में कक्षा प्रतिनिधि एवं संकाय प्रतिनिधियों ने विजय जूलूस में हिस्सा लिया।

एकता समिति ने मुकेश समैया को दी श्रद्धांजलि

सागर। नगर के कपड़ा व्यवसायी एवं समाजसेवी मुकेशचंद्र समैया का निधन हो जाने पर एकता समिति ने श्रद्धांजलि दी । स्व समैया समिति के कोषाध्यक्ष नीलेश समैया के बड़े भाई थे। एकता समिति सदस्यों ने स्व समैया की आत्मा की शांति एवं सद्गति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। संस्थापक राशीद भाई ने कहा कि प्रशासन को सचेत रहना चाहिए कि ऐसी दुर्घटना आगे ना हो इसके लिए उचित कार्रवाई करें ताकि आगे कोई ऐसी दर्दनाक दुर्घटना ना घट सके। श्रद्धांजलि सभा में रशीद भाई, सुधीर जैन, राजकुमार पडेले, संजय शास्त्री, प्रदीप समैया, चंपक भाई, शरद गुप्ता, राजेंद्र मलैया, नरेंद्र जैन, सुशील जैन, अजीत जैन, कमलचंद जैन, राजेंद्र सोनी मामा, विनीत जैन चरणजीत टूटेजा उपस्थित थे।

सीएम राइज विद्यालय के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत कराया गया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक नवीन व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी एवं नोबल कॉलेज सागर में सीएम राईज विद्यालय रहली के छात्र-छात्रों ने औद्योगिक भ्रमण किया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी के गोविंद उपाध्याय एवं स्टाफ द्वारा कॉलेज के विभिन्न कौशल विकास से सम्बंधित ब्रांच का भ्रमण कराया जिसमें विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रॉनिक, आईटी एवं फैशन डिजाइनिंग इत्यादि से सम्बंधित केरियर मार्ग दर्शन भी प्राप्त किया। हाल ही में विद्यालय के छात्र मोक्ष जैन द्वारा बनाए गए मॉडल स्मार्ट ग्लास को भी यूनिवर्सिटी के स्टाफ द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नोबल कॉलेज में वीणा सोनी द्वारा ब्यूटी एंड वेलनेस ट्रेड से सम्बंधित प्रेक्ट्कल कराया एवं कॉलेज में चल रहे विभिन्न कौशल विकास से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई। गौरतलब है कि सीएम राईज रहली में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर एवं ब्यूटी एंड वेलनेस ट्रेड 2016-17 से संचालित हैं। जिसमें वर्ष में 3 बार विविध औद्योगिक एवं संस्थानों में विद्यार्थियों को औद्योगिक भृमण कराया जाता है। जिससे इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को रोजगार और स्वरोजगार की ओर बढ़ने में प्रोत्साहित किया जाता है। शासन की यह महत्वपूर्ण योजना से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने बेहद कारगर साबित हो रही है। विद्यालय से व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी प्रकाश शर्मा, शिक्षक लकी लक्षकार, व्यावसायिक शिक्षक शैलेन्द्र प्रजापति एवं साक्षी तिवारी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संम्पन हुआ। इसके साथ ही संस्था प्राचार्य विजय कुमार पचौरी, उपप्राचार्य दिलीप चौबे, संतोष जैन, यतेंद्र समाधिया शैलेन्द्र आदि ने बधाई दी।

विशेष सफाई अभियान के दूसरे दिन की गई कई मंदिरों के आसपास सफाई

सागर। अयोध्या में दिनांक 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के तारतम्य में शासन के आदेशानुसार पूरे प्रदेश के साथ-साथ नगर निगम सागर क्षेत्र में भी 14 जनवरी से 22 जनवरी तक नगर के मंदिरों के आसपास की सफाई हेतु विशेष सफाई अभियान प्रारंभ किया गया है, इसके साथ ही नगर के विभिन्न मंदिरों में स्थानीय कलाकारों एवं भजन मंडलियों के सहयोग से भजन गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रविवार को नगर के वृंदावन बाग मंदिर, दुर्गा देवी मंदिर गौघाट, पोद्दार कॉलोनी मंदिर और रामबाग मंदिर में विभिन्न मंडलों द्वारा भजन-कीर्तन का गायन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों और नागरिकों ने अपनी भागीदारी की । दूसरी ओर नगर के मंदिरों के आसपास एवं उनके आवाजाही वाले मार्गो की सफाई हेतु शुरू किया गये विशेष सफाई अभियान के दूसरे दिन भी सफाई की गई, जिसमें गोपालगंज वार्ड में श्री राम मंदिर के आसपास जवाहर गंज वार्ड और रामपुरा वार्ड में स्थित मंदिर, गौर नगर वार्ड में स्थित राम मंदिर, पुलिस लाइन, रानीपुरा में स्थित बरिया मंदिर, लाल स्कूल रोड पर स्थित श्री राम मंदिर, चकराघाट में स्थित मंदिरों के आसपास, लाजपतपुरा वार्ड स्थित मंदिरों की सफाई, भैरवधाम मंदिर सिविल लाइन, तिलकगज वार्ड में एम एस गार्डन के सामने स्थित हनुमान मंदिर और सिंह वाहिनी मंदिर, शिवाजी वार्ड के एमआईजी कॉलोनी में स्थित हनुमान मंदिर, आर्ट एंड कामर्स कॉलेज के सामने स्थित हनुमान मंदिर के आसपास विशेष सफाई कराकर चूना लाइन डलवाई गई ।

ग्रामों और नगरों में निकाली जा रही प्रभात फेरी व कलश यात्रा

सागर। श्री राम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में 22 जनवरी तक प्रभात फेरी एवं कलश यात्रा आयोजित करने के निर्देश राज्य शासन द्वारा प्राप्त है स उक्त निर्देश के परिपालन में मप्र जन अभियान परिषद् जिला सागर के माध्यम से श्री राम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दिनांक 11 जनवरी से जिले के विभिन्न विकासखण्ड के ग्राम एवं नगर क्षेत्र में अलग.अलग स्थानों पर प्रभात फेरी एवं कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्राम वासियों के साथ जन अभियान परिषद द्वारा गठित प्रस्फुटन एवं नवांकुर समितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती माताओं की गोद भराई व बालक-बालिकाओं के बाल भोज का हुआ आयोजन

खुरई। संचालनालय महिला एंव बाल विकास विभाग भोपाल के द्वारा 10 जनवरी से 15 जनवरी तक आगंनबाड़ी केन्द्रों पर महिला सशक्तिकरण सप्ताह आयोजन के निर्देश जारी किये गये है। परियोजना अधिकारी खुरई विजय सिंह कोरी के द्वारा अवगत कराया गया कि वरिष्ठालय द्वारा जारी निर्देशो के अनुपालन में परियोजना अतंर्गत संचालित शहरी एंव ग्रामीण क्षैत्र के आगंनबाड़ी केन्द्रों पर तय कार्यक्रम अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आंगनबाड़ी स्तर पर सभी गर्भवती एवं धात्री माताओं को आमंत्रित कर उनकी गोद भराई समारोह का आयोजन स्थानीय परपंरा अनुरूप जन प्रतिनिधियो की उपसर्ति में किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र के हितग्राहियों को स्थानीय स्व-सहायता समूह तथा मातृ सहयोगिनी समिति के सहयोग से तिल एवं गुड़ से व्यंजन तैयार कराकर लाभार्थी बालक बालिकाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रो में प्रदाय किए गए।

नरयावली नाका वार्ड से 24 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई

पशु बाजार पुनः राहतगढ़ बस स्टैंड के पास न लगे इसकी निगरानी लगातार करें: निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर नगर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेयरियों को शहर से बाहर विस्थापित करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। जिसके तहत सोमवार को नरयावली नाका वार्ड स्थित जगदीश चंदेल की डेयरी के 24 पशुओं को रेंगुवा बम्होरी नगर निगम के वाहन द्वारा शिफ्ट किया गया।नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने डेयरी विस्थापन दलों को निर्देश दिए हैं कि डेयरी शिफ्ट होने के बाद अपने जानवरों को पुनः शहर में लाकर डेयरी का संचालन करने वाले पशु मालिकों के पशुओं को जप्त कर नीलामी की कार्रवाई करे तथा यातायात में बाधक शहर के मुख्य मार्गों पर आवारा रूप से घूम रहे पशुओं को पड़कर गौशाला में बंद कराने की कार्रवाई करे।पशु बाजार राहतगढ़ बस स्टैंड के पास पुनः न लगे इसकी सतत निगरानी करें नगर निगम आयुक्त ने डेयरी विस्थापन दल को निर्देश दिए हैं कि बुधवार को राहतगढ़ बस स्टैंड के पास लगने वाले पशु बाजार की सतत निगरानी करें तथा व्यापारियों को पशुओं के क्रय-विक्रय हेतु डेयरी विस्थापन स्थल हफसिली में शिफ्ट किए गए पशु बाजार में जाने हेतु समझाईश दें इसके बावजूद पशु बाजार हफसिली न जाने वाले व्यक्तियों के पशुओं को जप्त कर नीलामी करने की कार्रवाई करें। कार्रवाई के दौरान शिवनारायण रैकवार राजू रैकवार सहित डेरी विस्थापन दल के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

क्लॉथ मर्चेंट दुकानों पर लगाएगा ध्वजा

विदिशा। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के दिन इन ऐतिहासिक क्षणों में विदिशा क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन भी उत्साह मनाएगा। सभी क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को प्रभु राम के प्रतीक ध्वजा एवं दीपों से सजाया जाएगा। दुकानों पर रोशनी की जाएगी। क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल जैन ने बताया कि यह अवसर संपूर्ण देश के लिए ऐतिहासिक है। हम सौभाग्यशाली हैं कि इसमें सहभागिता करने जा रहे हैं। क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन ने समस्त देशवासियों को इस अवसर पर बधाई दी है।

कीटनाशक संघ के अध्यक्ष बने पीतलिया

विदिशा। कीटनाशक, खाद एवं बीज विक्रेता संघ की त्रिवार्षिक निर्वाचन प्रक्रिया रविवार को महल घाट पर हुई। निर्वाचन प्रक्रिया में व्यापार महासंघ की ओर से ऋषि शर्मा एवं गगन जैन मौजूद रहे। सर्वसहमति से राजीव पीतलिया को अध्यक्ष चुना गया। वहीं सचिव नरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष महेंद्र दांगी एवं व्यापार महासंघ प्रतिनिधि पद पर गोपाल दास राठी, अर्पित उपाध्याय, दिनेश त्रिपाठी, राजीव दुबे निर्वाचित हुए प्रवक्ता की जवाबदारी भगवानदास अहिरवार को सौंपी गई है।

यात्राः गांवों में हुए विभिन्न कार्यक्रम

विदिशा। विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत ग्राम पंचायत सौराई, जीवाजीपुर, खामखेड़ा और खेरुआ हाट में कार्यक्रम हुआ। चारों ग्राम पंचायतों में विदिशा विधायक मुकेश टंडन, डॉ राकेश जादौन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण किया। इस दौरान क्विज विजेताओं को पुरस्कृत किया। विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा की गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, हमारे बीच में गारंटी का रथ आया है जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण रहा हैं। केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता के हित में जो काम किए हैं इसी को लेकर देश भर में विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है।

22 को हिंउस समिति निकलेगी कीर्तन यात्रा

विदिशा। श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर शहर के मंदिरों को भी सुंदर लाइटिंग से सजाया जाएगा। मंदिरों में श्रीराम भजन, कीर्तन, सुंदर कांड के पाठ और भंडारे होंगे। एलईडी स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव नजारा देखा जाएगा। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह टीलाटखेड़ी ने बताया कि इसी कड़ी में हिंदू उत्सव समिति के समस्त पदाधिकारी शहर के नागरिकों के साथ माधवगंज राम जानकी मंदिर से कीर्तन करते हुए माधवगंज, बाल विहार, कोतवाली, बड़ा बाजार, बजरिया होते हुए रामलीला प्रांगण पहुंचकर भगवान श्री राम की भव्य आरती कर प्रसादी वितरण करेंगे। शहर के धार्मिक लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। वहीं दुर्गा उत्सव चल समारोह के संयोजक राधिका शरण दास ने बताया कि आगामी 28 जनवरी को दुर्गा उत्सव के पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।

स्प्रिंगफील्ड स्कूल के छात्रों ने निकाली रैली

विदिशा। स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने पर्यावरण और गुणवत्ता युक्त शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया। रैली में लगभग 200 छात्र सहित शिक्षकों ने भाग लिया। स्कूल के चैयरमैन योगेंद्र सिंह राणा, डायरेक्टर करण राणा, डायरेक्टर मीनल राणा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए विदिशा के समाजसेवी मनोज शर्मा, राजकुमार शर्मा, शिवकुमार तिवारी, जीवन कुशवाह आदि ने फूल वर्षाकार एवं फ्रूटी बिस्कुट वितरण कर रैली का स्वागत किया। स्कूल के प्राचार्य विनय अग्रवाल ने बताया की इस रैली का मुख्य मुख्य उद्देश्य लोगों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। रैली के माध्यम से समाज में यह संदेश दिया की शिक्षा ही एकमात्र अस्त्र है जिसके द्वारा हम जीवन को प्रकाशमान कर सकते हैं।

विधायक ने गणेश मंदिर से की शुरुआत

मंत्री प्रहलाद पटेल ने खाटू श्याम मंदिर में झाड़ू पोंछा किया, कहाः धार्मिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करें, यही हमारा सबसे बड़ा देव दर्शन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भाजपा ने रविवार से स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते हुए मंदिरों में साफ सफाई की। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल वैशाली विहार कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर में झाड़ू पोंछा कर अभियान की शुरूआत की। वहीं विधायक मुकेश टंडन ने बाढ़ वाले गणेश मंदिर में साफ सफाई कर अभियान की शुरूआत की।

मंत्री पटेल ने वैशाली बिहार कॉलोनी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में स्वच्छता अभियान में शामिल होने से पहले खाटू श्याम जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साफ-सफाई अभियान के दौरान मंत्री श्री पटेल ने मंदिर परिसर में लगे बड़ के पौधे पर बांधी गई अगरबत्ती की पॉलिथीन देखी तो उन्होंने उन पन्नियों को स्वयं अपने हाथों से निकाल कर एकत्रित किया और डस्टबिन में डाला। उन्होंने कहा कि मनोती का धागा निर्धारित स्थान पर ही बांधे। उन्होंने कहा कि यह तो श्रद्धालुओं की आस्था ही है और खाटू श्याम जी की महिमा कि श्रद्धालुओं द्वारा मनोती के धागे और पॉलिथीन बांधने से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

मंत्री पटेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहले प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर मंदिर या किसी भी संप्रदाय के धार्मिक स्थल पर उसकी स्वच्छता सुनिश्चित करना है। सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा धार्मिक स्थल की सफाई की जा रही है। मंत्री पटेल ने कहा कि मुझे विदिशा के खाटू श्याम मंदिर में सेवा देने का अवसर मिला मैं अपने आपको भाग्यशाली मानता हूं। 22 जनवरी तक सतत तौर पर लक्षित रूप से संकल्प के साथ प्रत्येक धार्मिक स्थल की स्वच्छता करें यही हमारा सबसे बड़ा देव दर्शन होगा।

विदिशा। खाटू श्याम मंदिर पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल और विधायक मुकेश टंडने की साफ सफाई।

विदिशा। मंत्री पटेल ने खाटू श्याम मंदिर में किए दर्शन।

श्रीरामलीला मेले में लोकगीत गायक जित्तू खरे बादल ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

ऐसी माटी नहीं मिलेगी खंड-खंड में जनम दईयो विधाता बुंदेलखंड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री रामलीला मंच नया बस स्टैंड पर शनिवार को रात्रि के समय हुए लोकगीत के भव्य आयोजन को देखने के लिए देर रात तक श्रोता जमें रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, गायक जित्तू खरे बादल, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मनोज यादव, एसडीओपी मनोज मिश्रा, नपा सीएमओ पवन शर्मा सहित अन्य पार्षदों ने भगवान का पूजन अर्चन कर किया। इसके बाद गायिका राम सखी ने मां भवानी की स्तुति पेश की। लेकिन दर्शक और श्रोता तो अपने मनपसंद गायक जित्तू खरे को सुनने के लिए उतावले थे, तो बिल्कुल भी देर ना करते हुए सीधे जित्तू खरे ने माइक संभाला। उन्होंने ट्रैन से रैली जा रही काल, सबरे रडुआ चलो भोपाल, एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम, जय श्रीराम, ऐसी माटी नही मिलेगी खंड खंड में, जनम दइयों विधाता बुंदेलखंड में और घर घर दीप जलाएंगे, दर्शन को अयोध्या मन्दिर जाएंगे, आदि भजन पेश कर श्रोताओं को झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया।

वन अमले ने लकड़ियों से भरा ट्रक जब्त किया

सड़क किनारे लावारिश हालत में खड़ा मिला ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

वन विभाग की टीम ने आम की लकड़ियों से भरे ट्रक को जब्त करने की कार्रवाई की है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश ने बताया कि महानीम चौराहा पर एक अज्ञात ट्रक एमपी 09 एचजी 7446 सुबह से खड़ा था। जिसमें लकड़ियां भरी हुई थीं। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर टीम रवाना कर जांच की गई। जहां पर एक ट्रक खड़ा मिला। जिसमें ड्राइवर, किलिंजर कोई भी नहीं था। आसपास देखने पर भी कोई नहीं आया। जिसपर टीम द्वारा ट्रक को लाकर वन परिक्षेत्र कार्यालय में खड़ा कर लिया है। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर, ट्रक की जांच कर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान डिप्टी रेंजर एसके मीना, वनरक्षक के राजपूत, रामरुचि शर्मा, अमित शर्मा, प्रशांत लुहारिया, शशि दरोई, चंद्र भान विश्वकर्मा, संतोष राजपूत, धर्मेन्द्र यादव ने मिलकर यह कार्रवाई की।

रामलीला मेले का शुभारंभः कलेक्टर भार्गव ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। रामलीला मेला भव्य आयोजन के कार्यक्रम अनुसार रविवार को श्री रामलीला मेला के शुभारंभ के लिए भूमिपूजन किया गया। रामलीला मेला समिति अध्यक्ष उमाशंकर भार्गव और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने शामिल होकर पूजन-अर्चना की कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए और प्रसादी ग्रहण की। वहीं शाम के समय नगर के मुख्य मार्गों से शिव बारात निकाली गई। इसमें मेला समिति के पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। लगभग एक माह तक चलने वाले रामलीला मेले का अपना अलग ही महत्व है। यहां होने वाली लीला देश में अपने ढंग की अनूठी है। दिल्ली एवं बनारस के रामनगर की रामलीला की तरह यहां भी लीला एक स्टेज या मंच पर नहीं होती,वरन सजीव लीला होती है,अर्थात जो घटनाएं मंचित हो रही हैं,उन्हें साक्षात प्रदर्शित किया जाता है। पूरे मैदान में लीला का मंचन होता है। लंका एवं अयोध्या भवन अलग- अलग क्षेत्र में बने हुए हैं। दोनों पक्की इमारतें हैं, जिनमें प्रसंग अनुसार लीला का मंचन होता है।

उदयगिरि गौशाला पर मुनि सुव्रतनाथ विधान के साथ अष्ठप्रातिहारी स्थापित

विदिशा। मकर संक्रांति के अवसर पर संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से स्थापित दयोदय गौ संवर्धन केन्द्र उदगिरी स्थित श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनालय का जीर्णोद्धार के साथ अष्ट प्रातिहार्य की स्थापना की गयी एवं गौ शाला के सभी गायों तथा अन्य सभी पशु पक्षियों को चारा एवं दाना खिलाया गया। इस अवसर पर विदिशा सकल दि. जैन समाज तथा गौ भक्त उपस्थित थे। दयोदय गौ संवर्धन केन्द्र के अध्यक्ष आकाश जैन सहित सभी पदाधिकारीओं ने सभी नगर बासीओं का आभार प्रकट करते हुये गौ शाला में पधारने का अनुरोध किया दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया वर्तमान में गौ शाला में लगभग एक हजार पशुओं का संरक्षण हो रहा है एवं मध्यप्रदेश तथा समूचे भारत में आचार्य गुरूदेव के आशीर्वाद से एक सौ पचास से अधिक गौ शालाओं का संचालन हो रहा है।

भोपाल ने एसपीसीएल टूर्नामेंट किया अपने नाम, अभिषेक पांडे मैन ऑफ द सीरीज बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जैन कॉलेज ग्राउंड पर खेली जा रही टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट थर्ड सीजन 2024 का रविवार को समापन हुआ। रविवार को दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मुकाबला खेला गया।

पहला सेमीफाइनल अनस विदिशा 11 बनाम शारिख़ 11 भोपाल के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अनस 11 ने निर्धारित अवरों में 63 रन बनाए शारिख़ 11 भोपाल ने यह मैच मैच 6 ओवर में जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल सुमित 11 बनाम हम एकता बाड़ी के मध्य खेला गया। जिसमें सुमित 11 टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और टोनू राठौर के 38 रनों की बदौलत 113 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी हम एकता बाड़ी की टीम 79 रन ही बना पाई। फाइनल मुकाबला सुमित 11 बनाम शारिख़ 11 भोपाल के मध्य खेला गया। सुमित 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते उतरी और निर्धारित 8 ओवरों में 87 रन बनाए। जिसके जवाब में अजीम लाल के 56 रनों की ताबड़तोड़ पारी से शारिख 11 भोपाल ने एसपीसीएल 2024 प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता के बेस्ट बेस्टमैन संजीव मीना और बेस्ट बॉलर प्रदीप और प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट अभिषेक पांडेय रहे।

विदिशा। प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।

मकर संक्रांति पर बेतवा, बीना नदी में लगाई श्रद्धालुओं ने डुबकी

बीना। मकर संक्रांति के मौके पर सोमवार को कटरा मंदिर एवं देव रघुनाथ ट्रस्ट बड़ा मंदिर पर मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने मेला का लुफ्त उठाया और जमकर खरीदारी की। साथ ही कटरा मंदिर पर कटरा स्वामी के श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं बड़ा मंदिर स्थित भगवान रघुनाथ स्वामी सहित अन्य देवी देवताओं के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और खिचड़ी एवं लड्डूओं का भोग लगाया गया। इसके अलावा मकर संक्रांति पर बेतवा नदी एवं बीना नदी के संगम दुनातर पर भी मेले का आयोजन किया गया। दुनातर, बीना नदी स्थित छपरेट घाट एवं बेतवा नदी स्थित पिपरासर घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और डुबकी लेकर भगवान का पूजन कर मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं सुबह सुबह सभी ने घरों में पानी में तिल डालकर स्नान कर सूर्य देव को अर्घ अर्पित किया।

शाल-श्रीफल देकर भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया

विदिशा। सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस पर कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर विष्णु प्रसाद यादव ने भूतपूर्व सैनिकों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने कहा कि आपके द्वारा देश रक्षा के लिए दी गई सेवाएं अभूतपूर्व और प्रशंसनीय हैं। जिन भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया उनमें देशराज सिंह तोमर, संतोष श्रीवास्तव, पहलवान सिंह जादौन, महेरा मोदी, विजय भटनागर, नरेन्दर शर्मा, एचडी वैरागी, मोहर सिंह, भगवती पचोरी प्रसाद, सीताराम साहू, शिवराज सिंह संजीव तोमर, सतीष वर्मा, पीतम सिंह, सूर्य प्रकाश चतुर्वेदी, रविंद्र यादव, रामबाबू शर्मा शामिल हैं।

अतिथि शिक्षकों ने वेतन का शीघ्र भुगतान करने की मांग

अतिथि शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

संयुक्त अतिथि शिक्षक संघ ब्लॉक बीना की बैठक कटरा मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जिस पर कई मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही नवनिर्मित विधायक निर्मला सप्रे को अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। बैठक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील परिहार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अतिथि शिक्षकों के द्वारा स्थानीय विधायक सप्रे एवं संघ के प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि बीना ब्लॉक के अतिथि शिक्षकों का माह अक्टूबर से वेतन नहीं मिला है, जिसका भुगतान शीघ्र किया जाए। सीधी भर्ती, प्रमोशन और ट्रांसफर से प्रभावित होने वाले अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों पर समायोजित किया जाने। विगत वर्षों से कार्यरत अतिथि शिक्षकों के वर्तमान सत्र में तकनीकी, अन्य कारण से पोर्टल पर नाम दर्ज न हुआ हों किन्तु जुलाई से कार्यरत है उनके नाम पोर्टल दर्ज पर किए जाए। प्रतिमाह मानदेय भुगतान की व्यवस्था शुरू की जाए। इसके अलावा रिक्त पदों पर नये आवेदकों की नियुक्ति बंद करते हुए किसी भी कारण से बाहर हुए अतिथि शिक्षकों को प्राथमिकता देकर सेवा का अवसर दिया जाए। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 2 सितम्बर 2023 को अतिथि शिक्षकों के लिए की गई घोषणाओं को पूरा किया जाए। बैठक एवं ज्ञापन सौंपने वालों में लक्ष्मीनारायण चौबे, प्रेम श्रीवास, मीराबाई विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा, विकास श्रीवास्तव, दिलीप कुमार कुशवाहा, राम प्रकाश विश्वकर्मा, कमल कुशवाहा, रजनीकांत तिवारी, घनश्याम साहू, अनुज सोनी, नीरज राय, शबाना अख्तर, रामकुमार यादव, अनुराग राजपूत, दीपा पुरोहित, कौशल किशोर सोनी, दीपक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

सेसईपुरा थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, घायलों को कराया कराहल और श्योपुर अस्पताल में भर्ती

मोरावन से दूध लेकर आ रही पिकअप पलटी, एक की मौत, 11 लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सेसईपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह मोरावन से दूध लेकर आ रही एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। जिन्हें कराहल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और जिला अस्पताल श्योपुर में दाखिल कराया गया। यह हादसा मोरावन के नजदीक तालाब के पास घटित हुआ। सेसईपुरा थाना पुलिस ने इस मामले में पिकअप के चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है और मृतक युवक का जिला अस्पताल में पीएम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार की सुबह रोज की भांति पिकअप गाडी दूध लेकर कराहल आ रही थी। इसमें सवार होकर मोरावन गांव के दर्जनभर के आसपास ग्रामीण खरीदारी करने के लिए कराहल आ रहे थे। मोरावन गांव से कुछ दूर आगे तालाब के पास मोड पर यह पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे पिकअप में सवार ग्रामीण घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर मोरावन गांव के ग्रामीण वहां दौडकर पहुंचे और सडक से गुजर रहे वाहन भी रूक गए,जिन्होंने पिकअप के अंदर फंसे ग्रामीणों को बाहर निकाला और पुलिस की मदद से इलाज के लिए कराहल अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से 6 ग्रामीणों को हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर एक घायल ग्रामीण अफसर 25 वर्ष पुत्र कल्लू आदिवासी निवासी मोरावन की मौत हो गई।

इधर गाय से टकराई बाइक, युवक की मौत

आवदा थाना क्षेत्र में रविवार की शाम को एक युवक की बाइक सड़क पर अचानक आई गाय से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। आवदा थाना पुलिस ने बताया कि कराहल थाना क्षेत्र के ग्राम सिलपुरी निवासी महावीर 35 वर्ष पुत्र प्रकाश आदिवासी रविवार की शाम को रिश्तेदारी से वापस अपने गांव लौट रहा था, तभी सलमानिया के पास उसकी बाइक अचानक सडक पर आई गाय से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायल अवस्था में उसे पुलिस की डायल 100 गाडी बडौदा अस्पताल लेकर पहुंची। जहां उसे हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जिला अस्पताल में रातभर भर्ती रहे महावीर की सोमवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ये हुए घायल

पिकअप के पलटने से उसमें सवार जो ग्रामीण घायल हुए हैं, उनमें नवाव पुत्र होतम गुर्जर, पपीता पत्नी भूप सिंह जाटव, मोहन सिंह पुत्र मांगीलाल आदिवासी, संपत पुत्र रानू गुर्जर, रामकली पत्नी पप्पू आदिवासी, कल्ले पत्नी पूरण आदिवासी, रसाल पुत्र केदार सिंह, राधिका पत्नी अफसर आदिवासी, राकेश पुत्र श्रीलाल आदिवासी, करनजी पुत्र रतना आदिवासी, कुषुमा पत्नी श्यामलाल आदिवासी, अफसर पुत्र कल्लू आदिवासी सभी निवासी मोरावन घायल हो गए।

इनका कहना

मोरावन के नजदीक ये हादसा घटित हुआ। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 11 लोग घायल हो गए,जिन्हें इलाज के लिए कराहल सीएचसी और जिला अस्पताल श्योपुर में भर्ती करवा दिया। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया है।जिसके खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

अर्चना धाकड़
थाना प्रभारी सेसईपुरा

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

गरीब को नहीं मिला शव वाहन, किराए के ऑटो में लादकर ले जाना पड़ा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल श्योपुर में एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने आई है। एक गरीब युवक की मौत होने के बाद काफी देर इंतजार करने के बाद भी उसके परिजनों को शव वाहन नहीं मिल सका। मजबूरन परिवार के लोग उसके शव को किराए के ऑटो में लाद कर अपने घर लेकर गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो के वायरल होने से जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खुलकर एक फिर सामने आ गई।

खास बात यह है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। ऐसे अब तक कई मामले पहले भी सामने आ चुके है, लेकिन बावजूद इसके प्रशासन इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। बता दे कि ग्राम बर्धा बुजुर्ग निवासी राम अवतार आदिवासी को बीमार होने पर उसके परिवार के लोगों ने तीन पहले जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। यहां आईसीयू में भर्ती कर डॉक्टर उसका इलाज कर रहे थे। बताया गया है कि रविवार की दोपहर को रामअवतार आदिवासी की बीमारी के चलते जिला अस्पताल में मौत हो गई। इसके बाद परिवार के लोगों ने उसका शव घर ले जाने के लिए अस्पताल प्रबंधन से शव वाहन उपलब्ध कराए जाने का आग्रह किया। इस पर अस्पताल प्रबंधन ने उनके पास शव वाहन न होने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। हालांकि नगर पालिका श्योपुर के पास शव वाहन मौजूद है, लेकिन वह शव वाहन भी इस गरीब को उपलब्ध नहीं हो सका। मजबूरी में परिवार के लोग 500 रुपए ऑटो किराए पर करके उसमें लादकर शव को अपने घर के लिए रवाना हुए।



इनका कहना

वाकई यह स्थिति शर्मसार करने वाली है। जो आए दिन जिला अस्पताल में सामने आ जाती है। इस संबंध में हमने कई बार जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि जिला अस्पताल में शव वाहन की उपलब्धता कराई जाए। मगर इस मामले में कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

मुकेश हिरनीखेडा
युवा समाजसेवी

जिला अस्पताल के पास शव वाहन नहीं है। शव वाहन खरीदे जाने की कार्रवाई अंतिम दौर में चल रही है। जल्द ही शव वाहन की उपलब्धता हो जाएगी।

डॉ डीएस सिकरवार
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

बसपाईयों ने मनाया मायावती का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोमवार को बहुजन समाज पार्टी ने बसपा सुप्रीमो मायावती का 68वां जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया। इस दौरान अंबेडकर पार्क पर आयोजित हुए जन्मोत्सव कार्यक्रम में बहन जी को आगामी लोकसभा चुनाव में जिताकर प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प भी बसपाईयों ने लिया।

पाली रोड स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित हुए जन्मोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले बसपा कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प चढाकर उन्हें श्रद्धांजली दी इसके बाद आयोजित हुए कार्यक्रम में अधिकतर वक्ताओं ने डॉ अंबेडकर के अभियान को पूरा करने के लिए बहन जी को आवश्यक रूप से प्रधानमंत्री बनाने की बात कही। वक्ताओं का कहना था कि देश में उंच नीच का भेद तब तक समाप्त नही हो सकता जब तक देश की सत्ता 85 फीसद मतदाताओं के हाथ नही होगी। देश में 85 फीसद लोग ऐसे हैं जिनका उपयोग सिर्फ वोट डालने के लिए हो रहा है। 15 फीसद लोग सत्ता पर काबिज बने हुए हैं हम अपनी सोच देश के साथ मिलाएंगे तभी देश का भला होगा और यह भला तब होगा जब बहन जी देश की प्रधानमंत्री बनेगी। कार्यक्रम में जॉन प्रभारी नवल धाकड मुख्य अतिथि के हैसियत से शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मिश्रालाल वैरवा ने की। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष काशीराम सेंगर, बसपा नेता बिहारी सिंह सोलंकी आदि ने भी संबोधन दिए।

दूसरे दिन भी उल्लास पूर्वक मनी मकर संक्रांति, जमकर उड़ी आसमान में पतंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मकर संक्रांति पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास और आस्थापूर्वक मनाया गया। तिथियों के फैर के चलते दो दिन मने इस त्योहार में जहां बच्चों और युवाओं ने पतंग उडाकर भरपूर आनंद उठाया वहीं धर्म कर्म से जुडे लोगों ने अल सुबह ही स्नान कर पूजा पाठ की। उधर कुछ सामाजिक संस्थाओं ने इस त्योहार पर गरीबों के बीच जाकर उपहार भी बांटे।

किसने कहां बांटे उपहार

1- जय भीम शिक्षक संगठन मप्र की जिला इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष परीचित जाटव ने बताया कि कलेक्टर संजय कुमार के मार्गदर्शन में संगठन ने डीपीसी डॉ पीएस गोयल के नेतृत्व में आदिवासी विकासखंड कराहल के अजनोई एवं डाबली गांव में पहुंचकर तीन सैंकडा गरीबों को कंबल वितरण किए। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमर सिंह अकौदिया, उपाध्यक्ष संजय शाक्य आदि मौजूद रहे।

2- महात्मा गांधी सेवा आश्रम एवं एकता परिषद से जुडे सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कराहल विकासखंड के ग्राम अगरा, में पहुंचकर बच्चों को नए गर्म कपडे, मिठाई उपहार में दी और आदिवासियों को पेसा कानून के तहत जानकारी देकर जागरूक करने का काम किया। इस अवसर पर समाजसेवी कैलाश पाराशर, जयसिंह जादौन, नाथूलाल सोनी, बृजनेश परिहार, अमित कुमार, आदि मौजूद रहे।

3- अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था जेसीआई की पुरूष और महिला विंग ने अलग- अलग गांव में पहुंचकर गरीब आदिवासी बच्चों को गर्म कपडे और उपहार वितरण किए। वहीं सोमवार को गौशाला में पहुंचकर गायों को गुड चारा खिलाकर गौ संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान जेसीआई अध्यक्ष दीपक मंगल, पूर्व अध्यक्ष दिनेश साहू, आशीष चौहान, आदि मौजूद रहे।

जवाहर नवोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा 20 को

श्योपुर। जवाहर नवोदय स्कूल श्योपुर में कक्षा 6 वीं में प्रवेश पाने के लिए प्रवेश परीक्षा 20 जनवरी को जिले के तीनों विकासखंड मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी। जवाहर नवोदय स्कूल प्राचार्य ने बताया कि 20 जनवरी को यह प्रवेश परीक्षा सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए सभी छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र के साथ फोटो युक्त पहचान पत्र लाना आवश्यक होगा। छात्र-छात्राओं को 10:30 बजे परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है।

फक्कड़ चौराहे से किशोरी लापता, अपहरण का केस दर्ज

श्योपुर। शहर के फक्कड़ चौराहा क्षेत्र से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गई। परिवार के लोगों ने किशोरी के अपहरण का अंदेशा व्यक्त करते हुए कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि फक्कड चौराहा निवासी किशोरी हेमलता माहौर रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने घर से लापता हो गई। जिसका काफी खोजबीन के बाद कोई अता पता नहीं है। पुलिस ने किशोरी की मां की रिपोर्ट पर अपहरण का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

15 फरवरी को होगा स्काउट एवं गाइड जिला संघ का चुनाव

श्योपुर। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ श्योपुर की नई कार्यकारिणी का चुनाव 15 फरवरी को होगा। इसके लिए निर्वाचन प्रकिया शुरू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी रोशनलाल गर्ग ने बताया कि स्काउट एवं गाइड जिला संघ के नवीन अध्यक्ष और 6 उपाध्यक्ष जिनमें 3 पुरूष और 3 महिला सहित 8 पदों के लिए निर्वाचन किया जाएगा। इन पदों के लिए नामांकन 5 फरवरी तक जमा किए जाएंगे। 8 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच और 10 फरवरी को नाम वापसी होगी। आवश्यकता पडने पर 15 फरवरी को मतदान किया जाएगा और फिर निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। इसके बाद 25 फरवरी को नव गठित परिषद का अधिवेशन आयोजित किया जाएगा।

नवांकुर संस्था ने मंदिर प्रांगण में चलाया स्वच्छता अभियान

श्योपुर। मंदिर मंदिर तीर्थ स्वच्छता अभियान के तहत सोमवार को ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति निमोदा मठ नवांकुर संस्था जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम निमोदा मठ में महादेव जी के मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया जिसमे समिति सदस्यों द्वारा श्रमदान करके मंदिर प्रांगण में साफ सफाई की गई। समिति के सचिव कल्याण मारू ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के आग्रह पर मकर सक्रान्ति के पर्व पर ग्राम निमोदा मठ गाव में गुरुवेश्वर महादेव जी के मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें समिति के सचिव कल्याण मारू,महादेव मंदिर के पुजारी शिवचरण गोस्वामी, महेश मारू,बंटी मारू,पवन मारू,विनोद मारू, आकाश मारू,किशन आदि युवा शामिल रहे।

5 थानों की सीमा का नए सिरे से निर्धारण, थानों के नजदीक आए गांव

छह गांवों के बदले थाने, पांडोला चौकी में पांच नए गांव शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

थानों से दूर बने जिले के छह गांव अब पुलिस थानों के नजदीक आ गए है। क्योंकि इन गांवों की थाना सीमा बदल गई है। थानों की नई सीमा पर एसपी विकास पाठक के अनुमोदन पर कलेक्टर संजय कुमार ने अपनी मोहर लगा दी है। नई थाना सीमा के लिए जारी आदेश के बाद अब जिले के पांच पुलिस थानों का नया सीमा क्षेत्र निर्धारित हो गया है। बडौदा थाने की पांडोला चौकी में अब पांच नए गांव जुड गए है। वहीं बरगवां थाने में भी एक नया गांव शामिल हो गया है।

बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पुलिस थानों की सीमाओं को नए सिरे से निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए थे, ताकि थानों से दूर बने गांव पुलिस थानों के नजदीक आ गए। श्योपुर जिले में ऐसे कई गांव मौजूद है,जो अपने थाना क्षेत्र से दूर है। जबकि उनके पडोस में दूसरा थाना मौजूद है। इसलिए एसपी श्योपुर द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों से दूरस्थ थानों को नजदीक थानो में शामिल किए जाने संबंधी प्रस्ताव और ग्रामीणों की सहमति मांगी गई। इसी क्रम में थाना प्रभारियों ने प्रस्ताव बनाकर पुलिस अधीक्षक की ओर भेजे। इस प्रस्ताव पर जिले के तीनों एसडीओपी ने अपने-अपने सब डिवीजन के गांवो में जाकर ग्रामीणों की थाना सीमा बदलने को लेकर सहमति लेने के बाद इसकी जानकारी एसपी श्योपुर को दी। जिसके बाद एसपी विकास पाठक ने 5 पुलिस थानों की सीमा बदलने संबंधी प्रस्ताव अनुमोदन के लिए कलेक्टर संजय कुमार के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। एसपी के अनुमोदन पर कलेक्टर संजय कुमार ने पांच थानों की नई सीमा का निर्धारण कर आदेश जारी कर दिया।

देहात में रह गए 96 गांव, बडौदा में हो गए 78 गांव

जिले के देहात, बडौदा, आवदा, बरगवां और कराहल थाने का नया सीमा क्षेत्र निर्धारित हो गया है। बताया गया है कि देहात थाने में शामिल चार गांव बाडीखेडा, श्रीजीकी गांवडी, भसुंदर, लूंड को बडौदा थाने की पांडोला चौकी में शामिल कर दिया है। क्योंकि इन गांवों के सबसे नजदीक पांडोला चौकी पडती है। वहीं पांचवा गांव फिलोजपुरा भी आवदा थाने से हटाकर पांडोला चौकी में शामिल कर दिया है। जिसके चलते अब पांडोला चौकी क्षेत्र में गांवों की संख्या 7 से बढ़कर 12 हो गई है और बडौदा थाने में 73 से बढकर 78 गांव हो गए है। जबकि देहात थाने में अब 100 गांव की जगह 96 गांव रह गए है, तथा आवदा थाने में 39 गांव रह गए है। उधर कराहल थाना क्षेत्र में शामिल सरारी गांव को नजदीकी बरगवां थाने में शामिल कर दिया है। जिसके चलते बरगवां थाना क्षेत्र में गांवों की संख्या 38 से बढकर अब 39 हो गई है।

इनका कहना है

पांच थानों की नई सीमा निर्धारित हो गई है। छह गांवों को सुविधा की दृष्टि से नजदीकी थानो में शामिल कर दिया गया है।

विकास पाठक
एसपी, श्योपुर

आज भी कुआं का पानी छानकर पी रहे दो हजार से ज्यादा ग्रामीण

हैजा फैलने के बाद भी नहीं सुधरे बीलाखेड़ा के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

करीब दो हजार की आबादी वाले क्षेत्र के ग्राम बीलाखेड़ा की जमीन में पानी सूख चुका है। इस गांव में करीब दस वर्ष पहले दूषित पानी पीने के कारण हैजा फैला था। जिसमें एक बालिका की मौत हो गई थी। हैजा फैलने के बाद भी इस गांव के हालात नहीं सुधरे हैं। आज भी ग्रामीण कुआं का पानी छानकर पी रहे हैं। गांव में एक भी हैण्डपंप चालू नहीं है। केवल दो नलकूप चालू हैं। जिनमें पानी 450 फीट से अधिक गहराई पर है।

एक नलकूप शासकीय हाईस्कूल परिसर में है, दूसरा गांव के हनुमान मंदिर में। ग्रामीणों का कहना है कि हनुमान मंदिर वाले नलकूप का अब तक उपयोग नहीं किया गया था क्योंकि आखिरी में यही सहारा बनता। किंतु दो दिन पहले इसे चालू करने के बाद इसका पानी भी कम हो गया है। शासकीय हाईस्कूल परिसर में मौजूद नलकूप की भी यही स्थिति है। शिक्षकों का कहना था कि काफी देर में पानी आ रहा है और दो बार मोटर भी जल चुकी है।

पूरे गांव में करीब 60 बोर किए जा चुके हैं लेकिन पथरीली जमीन वाली छोटी सी पहाड़ी पर बसे इस गांव से मानो पानी रूठा हुआ सा है। अकेले माध्यमिक विद्यालय परिसर में पानी की तलाश में पांच बोर हो चुके लेकिन एक में भी पानी नहीं निकला। गांव में पेयजल संकट हमेशा से है। यहां के 55 वर्षीय चंदन सिंह बताते हैं जब से हमने जन्म लिया है। गांव में पानी की कमी हमेशा से देखी है। पूरे गांव में दर्जनों बार बोर हो चुके लेकिन पानी नहीं निकला। ग्रामीण गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर एक कुआं पर निर्भर हैं। इस कुआ में हर साल मार्च के महीने में पानी कम होता था लेकिन इस बार जनवरी माह में ही कुआं रीतने लगा है। इसी कुआ पर पानी लेने आईं 45 वर्षीय भगवान बाई बताती हैं कि गांव के एक सरकारी हैण्डपंप में पानी था जो नवंबर माह में ही सूख गया था। उन्होंने बताया कि इस कुआं के पानी का उपयोग पेयजल से लेकर प्रत्येक दैनिक जरूरत में होता है। इसलिए उन्हे दिन भर में कम से कम एक दर्जन बार घर से कुआं तक पानी लेने आना पड़ता है। गांव के सरूप सिंह ने बताया कि सुबह और षाम को कुआ पर मेले सा नजारा दिखाई देता है।

दस साल पहले फैला था हैजा, फिर भी नहीं हुआ सुधार

करीब 10 वर्ष पूर्व इस गांव में दूषित पानी के कारण हैजा फैला था। इससे 40 लोग बीमार हो गए थे और एक बालिका की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद प्रशासन द्वारा पानी की कमी दूर करने के लिए कई वादे किए गए । लेकिन 10 साल बाद भी हालात नहीं सुधरे और गांव के लोग कुआं का पानी छानकर पी रहे हैं। ग्रामीणों का कहना था कि पीएचई द्वारा कुआं में क्लोरीन भी नहीं डाली गई।

स्कूल आने के बाद बर्तन लेकर दो किलोमीटर दूर जाते हैं शिक्षक

गांव में हाईस्कूल है। जिसमें पढ़ाने के लिए बाहर से शिक्षक आते हैं। शिक्षकों का कहना था कि दिन के समय बिजली नहीं रहती इसलिए स्कूल का बोर बंद ही रहता है। ऐसे में स्कूल आने के बाद शिक्षकों का सबसे पहला काम दो किलोमीटर दूर बंजारों की कॉलोनी से पानी लाने का रहता है। पंद्रह लीटर की दो कैंनों से पानी लाया जाता है। जिससे छात्रों को पेयजल मिल सके। स्कूल के शौचालयों में ताले डाल रखे हैं क्योंकि इन्हे साफ करने के लिए पानी नहीं है।

थालियां धोने पानी नहीं, पत्तल में खाना खाते हैं बच्चे

गांव के माध्यमिक विद्यालय में षनिवार को बच्चे पत्तल के टुकड़े पर खाना खाते दिखाई दिए थे। इस संबंध में समूह संचालक द्वारा बताया गया है कि स्कूल में थालियां तो हैं लेकिन उन्हे धोने के लिए पानी नहीं है। ऐसे में थालियों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। बच्चों के लिए पीने का पानी भी उन्हे घर से लाना पड़ता है।

बोर कराया जा सकता है

तत्काल इस स्थिति से निपटने के लिए एक बोर कराया जा सकता है। यदि गांव में पानी नहीं है और दूर पानी हैं तो उसे पाईप लाईन के जरिए से लाया जा सकता है। इसके बाद राजघाट जलप्रदाय योजना से पानी पहुंचना ही है।

एनएस भूरिया,
कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी

2 जनवरी को गसवानी थाना क्षेत्र से लूटी गई थी 50 बकरियां, दो आरोपी अभी अज्ञात

बकरी लूट कांड के दो आरोपियों पर 2-2 हजार का इनाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गत 2 जनवरी को गसवानी थाना क्षेत्र में 50 बकरियों को चरवाहे को डरा धमकाकर लूट कर ले जाने के मामले में भलेही पुलिस ने बकरियां बरामद कर ली हो, लेकिन चारों आरोपी अभी तक पकड़े नहीं गए हैं। चार में से दो आरोपी तो अभी ज्ञात ही नहीं हो सके हैं। दो आरोपी ज्ञात हो गए हैं, जिनके खिलाफ पुलिस अधीक्षक विकास पाठक के द्वारा उनकी जल्द गिरफ्तारी के लिए 2-2 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया है। बता दें कि ग्राम बुढेरा निवासी मांगीलाल कुशवाह की आधा सैकडा बकरिया 2 जनवरी को खेत के नजदीक ही चल रही थी। मांगीलाल की पत्नी और बेटा भी बकरियों के पास ही खेत पर थे। तभी वहां चार बदमाश हथियारों के साथ आ गए और मांगीलाल के परिवार के लोगो को हथियार दिखाकर उनकी बकरियों को लूटकर ले गए। जिसकी रिपोर्ट गसवानी थाने में दर्ज कराई गई। इस मामले में गसवानी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर चार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साथही लूटी गई बकरियों भी दो दिन बरामद कर ली गई। लेकिन चारों आरोपी अभी पकडे नहीं गए है,जिनमें दो आरोपी ज्ञात और दो अज्ञात है। नामजद हुए दो आरोपी हरिसिंह सिंह गुर्जर निवासी बहराई थाना निरार जिला मुरैना और तहसील गुर्जर निवासी छडेह थाना जौरा जिला मुरैना पर एसपी विकास पाठक के द्वारा 2-2 हजार का इनाम घोषित कर दिया है।

पीएम से शिवपुरी के ग्राम हातोद की ललिता आदिवासी और विद्या आदिवासी ने वर्चुअली की चर्चा

योजनाओं का लाभ जिनका अधिकार है उन्हें भटकना न पड़े, यही मोदी की गारंटी है : पीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रधानमंत्री मोदी की पीएम जनमन के लाभार्थियों से बातचीत में उज्जैन से वुर्चअली हुए शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम जनमन के हितग्राहियों शिवपुरी जिले के ग्राम हातोद की ललिता आदिवासी और विद्या आदिवासी से वर्चुअली चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने ललिता आदिवासी से अपने बारे में जानकारी देने के लिए कहा। ललिता ने बताया कि बड़ी बेटी छठवीं में पढ़ती है और उसे छात्रवृत्ति व स्कूल यूनिफार्म मिली है और सुकन्या समृद्धि योजना में भी उसका खाता खुला है, जिसमें परिवार ने 8000 रुपए जमा किए हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना का भी बेटी को लाभ मिला है। दूसरा बेटा ध्रुव है, जो दूसरी क्लास में पढ़ रहा है, उसे भी स्कूल यूनिफार्म और मध्यान्ह भोजन मिलता है। तीसरा बेटा आंगनवाड़ी में जा रहा है।

ललिता ने बताया कि वे स्वयं, शीतला माता स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं, जिससे गौशाला संचालित करने का काम मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने ललिता द्वारा त्वरित रूप से दी गई जानकारी की प्रशंसा की। हातोद में आयोजित इस कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, सांसद डॉ केपी यादव, सांसद विवेक सेजवलकर, विधायक शिवपुरी देवेंद्र जैन, करैरा रमेश खटीक, कोलारस महेंद्र यादव, पिछोर प्रीतम लोधी, जिला अध्यक्ष राजू बाथम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनजातीय कार्य विभाग के ए सी एस एस एन मिश्रा, अपर आयुक्त सतेंद्र सिंह, नेस्ट आयुक्त असित गोपाल, संभागायुक्त दीपक सिंह सहित अन्य अधिकारी जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हम सब आभारी हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने ललिता से कहा कि आपका पक्के घर का सपना पूरा होने जा रहा है, आपको आज पहली किस्त भी मिलने जा रही है। ललिता आदिवासी ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने पिछड़े आदिवासी गांव के बारे में सोचा, जनमन योजना के अंतर्गत सभी योजनाओं का लाभ हमारे समुदाय को उपलब्ध कराया, उसके लिए हम सब आपके बहुत आभारी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्राम हातोद के सभा स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली बच्चियों को भी बातचीत के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने ललिता से पूछा कि उन्हें जनमन योजना के बारे में जानकारी कैसे प्राप्त हुई और इस योजना के अंतर्गत उन्हें क्या-क्या लाभ प्राप्त हुए। ललिता ने बताया कि उनके स्व-सहायता समूह को अधिकारियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत गांव में आई रैली से जानकारी प्राप्त हुई। जनमन से उन्हें आवास स्वीकृत हो गया है। अपने घर के बारे में उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था, मकान बनने से उन्हें और उनके परिवार को बहुत प्रसन्नता होगी। उन्होंने बताया कि ससुर कृष्णा आदिवासी को केसीसी का लाभ मिला, बच्चों के आधार कार्ड बन गए, बच्चों का जाति प्रमाण-पत्र भी बन गया है। गांव में पहले 310 आयुष्मान कार्ड थे जनमन योजना से 100 आयुष्मान कार्ड गांव में और बने हैं। गांव में सभी महिलाओं के पास उज्जवला गैस कनेक्शन था पर यात्रा से नई बहुओं को भी गैस कनेक्शन मिल गए। इस तरह गांव में 20 उज्जवला के कनेक्शन और हो गए है। गांव में नल-जल योजना का काम भी चल रहा है जिससे हमें शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम आवास योजना के एक लाख लाभार्थियों को जारी की पहली किस्त

प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम-जनमन के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। इसके साथ ही 893 करोड़ लागत के 541 टोलों में 1200 किलोमीटर सड़क निर्माण, 298 करोड़ की लागत के 70 हजार 263 घरों में विद्युतीकरण परियोजना, 20 करोड़ की लागत के 405 वन धन विकास केन्द्रों, 126 करोड़ की लागत के 916 आंगनवाड़ी केन्द्रों, 270 करोड़ की लागत के 450 मल्टीपरप्स केन्द्रों, 275 करोड़ की लागत के 100 छात्रावासों, 34 करोड़ की लागत के 100 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और 240 करोड़ की लागत के 206 मोबाईल टॉवर की स्वीकृति प्रदान की। शिवपुरी जिले में इस अभियान के तहत इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना में करीब 32000 सहरिया परिवारों को शामिल किया गया है। 6319 आधार कार्ड, 1279 खाद्यान्न पर्ची, 2080 उज्जवला गैस कनेक्शन और 63000 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इसके अलावा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 900 किसानों को जोड़ा है। 272 किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन के 1954 खाते खोले गए हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 209 पंजीयन, सुकन्या समृद्धि योजना में 601 और 3000 से अधिक सहरिया लोगों के जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए है। प्रस्ताव भेजे गए हैं। अभी 10 मेडिकल यूनिट, 29 आंगनवाड़ी और 38 मल्टीपरपज सेंटर सहित 9 वन धन केंद्र की स्वीकृति हो गई है। इसके अलावा ऐसे गांव जहां कनेक्टिविटी की समस्या है वहां मोबाइल टावर, सड़क, पानी, सोलर लाइट, छात्रावास, आदि के लिए भी काम किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी को मॉडल से बताया गांव का विकास

प्रधानमंत्री मोदी को विद्या आदिवासी ने ग्राम विकास के संबंध में जानकारी दी। विद्या ने बताया कि वे वैष्णो देवी स्व-सहायता समूह का संचालन करती हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना से बच्चों के आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र आदि बन गए हैं और गाय व पशुधन के लिए शेड भी स्वीकृत हो गया है। उन्होंने बताया कि जब वे शादी होकर वे ग्राम हातोद आई थी, तब पूरे गांव में केवल कच्चे मकान थे। मैं शिवपुरी की रहने वाली थी और यहां गांव में कोई सुविधा नहीं थी। आज हमारा यह गांव सुंदर और सर्वसुविधा संपन्न है। विद्या आदिवासी ने एक मॉडल के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी को बताया कि गांव में पानी की टंकी, नल, बिजली, पक्की सड़क और सामुदायिक केंद्र है, जहां गांव वाले गणेश उत्सव पर गणेश जी की स्थापना करते हैं और उत्सव मनाते हैं। उन्होंने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है। गांव में पहले एंबुलेंस नहीं आती थी, अब सुविधा हो गई है। इससे गर्भवती महिलाओं को राहत मिली है, फोन लगाने पर एंबुलेंस गांव तक आ जाती है और गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अब शिवपुरी ले जाना आसान हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी को उन्होंने मॉडल के माध्यम से गांव में आंगनवाड़ी, स्कूल, अपना घर और अपनी सहेलियों के घर आदि दिखाएं।

हर नागरिक को योजनाओं का लाभ मिले

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विद्या आदिवासी से चर्चा में कहा कि विद्या ने विद्या को पूरी तरह आत्मसात कर लिया है। मोदी ने विद्या द्वारा गांव के मॉडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब देश में आपकी चर्चा होगी। प्रधानमंत्री ने ललिता आदिवासी और विद्या आदिवासी से चर्चा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आपसे बातचीत से पता चलता है कि पीएम जनमन योजना से शासकीय योजनाओं का लाभ वास्तव में लोगों को मिल रहा है। सभी को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ देने के लिए कैंप भी लगाए जा रहे हैं। हमारी सरकार की यही कोशिश है कि एक-एक नागरिक को योजनाओं का लाभ पहुंचे, लाभ मिलना जिनका अधिकार है उन्हें कहीं भटकना न पड़े, यही मोदी की गारंटी है।

कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक आर्थिक कल्याण के लिए संचालित है पीएम जनमन

उल्लेखनीय है कि पीएम-जनमन का आरंभ 15 नवंबर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप अंतिम छोर पर मौजूद अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के अंत्योदय के विजन की दिशा में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए गतिवि?धियां संचालित करना इसका लक्ष्य है। लगभग 24,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ पीएम-जनमन, 9 मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों पर केंद्रित है। पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बिजली, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों तक बेहतर पहुंच स्थापित करके पीवीटीजी की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाना इसका उद्देश्य है।

पति से झगड़े के बाद पत्नी ने जहर खाया, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

खोड़ चौकी क्षेत्र के डंगरिया गांव में घरजमाई बनकर रह रहे युवक का अपनी पत्नी से झगड़ा हो गया था। इससे परेशान होकर महिला ने जहरीली दवा खा ली, महिला को उपचार के लिए पहले खोड़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया बाद में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के मुताबिक डंगरिया गांव के रहने वाली 21 साल की राजकुमारी का पति सुनील आदिवासी घर जमाई बन कर रह रहा था। रविवार की शाम सुनील ने अपनी पत्नी राजकुमारी से किसी बात को लेकर झगड़ा कर लिया था और घर से चला गया था। इससे नाराज होकर राजकुमारी ने घर में रखी फसल में डालने वाली जहरीली दवा खा ली थी। तबीयत बिगडऩे के बाद राजकुमारी को उल्टियां होने लगी थी। गनीमत रही कुछ देर बाद राजकुमारी की भाभी रचना उसके घर पहुंच गई। तब कहीं जाकर राजकुमारी को उपचार के लिए खोड़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

खुले अस्पताल में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ रहा नदारद

अस्पताल के चौखट पर दर्द से तड़पती प्रसूताएं

शिवपुरी। कोलारस ब्लॉक के खरई गांव के सरकारी अस्पताल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि डिलीवरी के लिए प्रसूताओं को अस्पताल के बाहर बैठकर डॉक्टर सहित नर्सिंग स्टाफ का इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल खुले होने के बावजूद डॉक्टर से लेकर एक भी नर्सिंग स्टाफ भी मौजूद नहीं है। ग्रामीणों की माने तो अस्पताल में अक्सर ऐसा ही हाल रहता है। जानकारी के अनुसार डेहरवारा गांव की रहने वाली प्रसूता करिश्मा जाटव उम्र 22 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने के बाद एम्बुलेंस की मदद से खरई गांव के सरकारी अस्पताल (पीएससी) पर लाया गया था। हालांकि, अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर से लेकर एक भी नर्सिंग स्टाफ नहीं मिला। इधर दर्द से तड़पती प्रसूता के परिजन पूरे अस्पताल में स्टाफ और डॉक्टर को ढूंढ़ते रहे हैं। हालांकि उन्हें कोई भी नहीं मिला। गौरतलब है कि इसके अलावा अन्य प्रसूता पहले से ही डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ का इंतजार कर रहे थे। प्रसूता के पति राहुल जाटव ने बताया कि करीब डेढ़ घंटे बाद अस्पताल में स्टाफ पहुंचा था। इसके बाद उसकी पत्नी को जिला अस्पताल के लिए बिना इलाज ही रेफर कर दिया। इस मामले बीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार ने लापरवाही की जांच कराने के बाद वैधानिक कार्रवाई की बात कही है।

गरीबों को निःशुल्क भोजन प्रदाय किया

अशोकनगर। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप शास्वत द्वारा ग्रुप की राष्ट्रीय फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष जैन रत्न स्व. प्रदीप कासलीवाल की 76वी जन्म जयंती सेवा दिवस पर 100 से ऊपर जरुरतमंदो को खीर, पूड़ी और लड्डू का भोजन वितरण किया गया। भोजन वितरण का कार्यक्रम राजेंद्र कोचर के निवास स्थान इंद्रा पार्क पर उनके सहयोग से किया गया। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष आदित्य जैन, सचिव गौरव जैन, कोषाध्यक्ष राकेश जैन, अरविन्द जैन, अतुल बंसल, नीरज बंसल, डॉ दीपक जैन, मनीष जैन , सौरव सिंघई, प्रभाटी जैन, राकेश आम्रपाली आदि सदस्यों के साथ ही समाज के श्रेयांश चैधरी और महेंद्र जैन मिंदा उपस्थित रहे।

भक्ति-भाव पूर्वक किया विमान उत्सव का आयोजन

थूबोन जी में किया वार्षिक मेले का आयोजन, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थूबोन जी में वार्षिक मेले का आयोजन भगवान का अभिषेक के साथ विमान उत्सव का आयोजन भक्ति भाव से हुआ। जिला मुख्यालय से 26 किलोमीटर दूर दर्शनोदय अतिषय क्षेत्र थूबोन जी में मकर संक्रांति पर मेले का आयोजन किया गया इस मौके पर 1008 कलषो से भगवान का महामस्तीकाभिषेक किया गया।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अशोकनगर जिले के साथ पड़ोसी गुना और शिवपुरी जिले से भी श्रद्धालूजन भाग लेने पहुंचे। इस दौरान इस मौके पर बड़े बाबा श्री आदिनाथ स्वामी के मस्तिकाभिषेक और शांति धारा के साथ समस्त धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस मौके पर दोपहर में भगवान की शोभायात्रा भक्ति भाव से निकाली गई इस शोभायात्रा में प्रभु के विमान को भक्ति भाव से निकाला गया। युवा वर्ग के दिव्यघोष के साथ-साथ अनेक लोगों ने भक्ति भाव से भाग लिया। भगवान की आरती उतारी श्रीफल भेट किए। यह समस्त आयोजन मुनि श्री पदम सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किए गए। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉक्टर के पी यादव मुंगावली के विधायक बृजेंद्र सिंह यादव अशोकनगर विधायक हरी बाबू राय इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। इस मौके पर क्षेत्र कमेटी की ओर से अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू महामंत्री विपिन सिघई, प्रचार मंत्री विजय धुर्रा के साथ-साथ राकेश अमरोद सौरभ बाझल ,विनोद मोदी ,राजेंद्र हवाई, गिरीश जैन आदि के द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान अतिथियों ने अपने संबोधन में क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव योगदान देने की बात कही और कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि उन्हें के क्षेत्र में यह क्षेत्र स्थित है। यहां आकर उन्हें आत्म शांति मिलती है उन्होंने कहा कि जैन धर्म से अच्छा कोई धर्म नहीं है यह धर्म हमें अहिंसा का पाठ पढ़ाता है। इस मौके पर मुनिश्री पदम सागर जी महाराज ने अपनी मंगल देशना में कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जो कार्य किया जा रहे हैं।

एसडीएम ने पुजारियों, वरिष्ठजनों व अधिकारियों की ली बैठक

चंदेरी में होंगे कई आयोजन, बैठक में लिए सुझाव

चंदेरी। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में एसडीएम रचना शर्मा द्वारा रविवार को तहसील परिसर में मंदिर के पुजारियों ,शहर के प्रबुद्धजनों सहित सभी विभागों के अधिकारियो की आयोजित की गई। बैठक में बताया कि 16 से 22 जनवरी तक विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

एसडीएम ने कहा कि 22 जनवरी को चंदेरी अनुविभागीय क्षेत्र में दीपावली जैसा माहौल हो, जिसमें सभी नागरिकगणों की सहभागिता अधिक से अधिक हो। चंदेरी अनुविभागीय क्षेत्र के प्रत्येक मंदिर में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक जन-सहयोग से राम कीर्तन का आयोजन कराया जाए। मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किये जायें। हर घर में दीपोत्सव के लिये आमजन को जागृत किया जाये। नगरों तथा गाँव में मौजूद राम मंडलियों को मोहल्लों तथा गाँव में स्थानीय कार्यक्रम के लिये प्रेरित किया जायेगा। प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समितियों द्वारा धर्मगुरुओं के साथ समन्वय कर 22 जनवरी को भंडारों का आयोजन कराया जाए। उन्होंने चंदेरी अनुविभागीय क्षेत्र के मुख्य मंदिरों में टीवी स्क्रीन लगाकर अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। मंदिरों के आयोजन में आमजन की सहभागिता के लिये विशेष रूप से आमंत्रण दिये जायेंगे, आवश्यक प्रबंध भी सुनिश्चित किये जायेंगे। अनुविभागीय क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समिति के माध्यम से स्वच्छता, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन भी किये जाए। उन्होंने कहा कि अनुविभागीय मुख्यालय के मंदिर पर अच्छे से अच्छे कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने मंदिरों की विशेष साफ-सफाई, पुताई जन सहयोग से कराये जाने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा मंदिरों पर भजन कीर्तन का आयोजन कराया जाए। सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेजों में साज-सज्जा की जाएगी। इस अवसर पर एसडीओपी शैलेंद्र शर्मा, तहसीलदार दीपक शुक्ला, नायब तहसीलदार दिलीप दरोगा, सीएमओ रीना राठौर, वन परिक्षेत्र अधिकारी महीपत सिंह राणा आदि मौजूद थे।

मास्टरमाइंड अबेकस प्रतियोगिता : बच्चों ने किया उज्जैन में शिवपुरी का नाम रोशन

सात बच्चों ने गोल्ड तो चार ने जीते सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

महाकाल की नगरी उज्जैन में विगत दिवस राज्य स्तरीय मास्टरमाइंड अबेकस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शिवपुरी शहर से मास्टरमाइंड अबेकस शिवपुरी के सेंटर अग्रवाल एजुसर्व कमलागंज शिवपुरी के 19 स्टूडेंट ने हिस्सा लिया। केंद्र की संचालिका श्रीमती संगीता अग्रवाल द्वारा बताया गया कि महाकाल की कृपा से हमारे सेंटर से अबेकस की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन ट्रेनिंग प्राप्त करने वाले बच्चों ने पूरे मध्यप्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें से 7 बच्चों ने चैंपियन ट्रॉफी के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं चार बच्चों ने सिल्वर मेडल के साथ प्रमाण पत्र प्राप्त कर अपने शहर के साथ-साथ केंद्र का नाम रोशन किया।

संचालिका संगीता अग्रवाल ने अपने बच्चों की इस उपलब्धि पर बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों का धन्यवाद भी ज्ञापित किया। हम बता दें उपलब्धि प्राप्त करने वाले बच्चों में श्रेष्ठा शर्मा ने लेवल 5 में चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता। वहीं गीत वर्मा ने लेवल 6 में प्रथम रनर का खिताब जीता। वहीं प्रणव राजपूत ने लेवल 2 में प्रथम रनर अप का खिताब प्राप्त किया आश्रय सिंह एवं प्रभु सिंह ने क्रमशः लेवल 9 एवं लेवल 8 में द्वितीय रनर अप का खिताब जीता। तेजस राठौर ने लेवल 2 में और मानवी शर्मा ने तृतीय रनर अप की पोजीशन प्राप्त की।

जीतने वाली विजेता टीम को मिला 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार

मंयक दादा इलेवन ने धाकड़ इलेवन को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

बीते 12 दिनों से कोलारस नगर के कॉलेज ग्राउंड पर कै. माधवराव सिंधिया की पुण्य स्मृति में चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव, टूर्नामेंट संरक्षक पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे, मंडल अध्यक्ष शिखर धाकड़, पार्षद विक्की राजौरिया, सुरेश राठौर, भानु जाट, रामबाबू शिवहरे, शिवकुमार गौतम, जगदीश जादौन, दीपक जैन, महामंत्री राम सडैया, संदीप चंदेल, उमाचरण धाकड़, नगर निरीक्षक जितेंद्र मावई आदि मौजूद रहे।

क्रिकेट टूर्नामेंट के संचालक सुनील रजक ने बताया कि कोलारस नगर में कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की पुण्य स्मृति में चल रहे टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को मयंक दादा इलेवन अशोकनगर और धाकड़ इलेवन हरिपुर के बीच खेला गया। जिसमें धाकड़ इलेवन हरिपुर ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 14 ओवर में 87 रनों का लक्ष्य मयंक दादा इलेवन अशोकनगर को दिया। मयंक दादा इलेवन ने स्कोर का पीछा करते हुए 12 ओवर में ही धाकड़ इलेवन हरिपुर को हरा दिया। इस मैच में विजेता टीम को 1 लाख की नगद राशि टूर्नामेंट अध्यक्ष संजीव जैन (राजा साहब) एवं उपविजेता टीम को 51 हजार की नगद पुरस्कार कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे द्वारा दी गई। टूर्नामेंट के फाइनल मैच को संबोधित करते हुए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने जीतने वाली टीम को बधाई देते हुए कहा कि खेल में हार जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं इसमें एक को थोड़ी निराशा होती है लेकिन खेल भावना और मेहनत से खेला गया खेल सबसे बड़ी जीत है कमेटी के लोगों को अतिथियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए और आयोजन के लिए आयोजन कमेटी ने काफी मेहनत की है। हमारे क्षेत्र की जनता का भी धन्यवाद जो अपना कीमती समय निकालकर टीमों का उत्साहवर्धन करने के लिए पहुंचे।